डी०ए०वी०पी० की नयी विज्ञापन नीति

2038. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** ल: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार निदेशालय (डी०ए०वी०पी०) की नयी विज्ञापन नीति के अनुसार एक ही संस्थान से निकलने वाले दो समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन संयुक्त दर पर न दे कर, अब इन्हें अलग-अलग समाचार पत्रों में दिए गए विज्ञापन मान कर इनके लिए अलग-अलग विज्ञापन दरें दी जाएगी;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण सरकार को अनुमानत: कितनी वित्तीय हानि होगी और ऐसा करने के क्या कारण हैं; और

(ग) डी०ए०वी०पी० की नयी विज्ञापन नीति क्या है और उसका ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के०पी० सिंह देव): (क) से (ग) सरकार की विज्ञापन नीति में कोई परिवर्तन नहीं आया है। तथापि, विज्ञापन दर ढांचे को तर्क संगत बनाने और एक नये दर फार्मूले की सिफारिश करने हेतु सरकार द्वारा नियुक्त एक दर निर्धारण समिति की सिफारिशों के अनुसार 1.4.95 से विज्ञापन दरों में संशोधन किया गया था और बहु-संस्करणों पर प्रत्येक विज्ञापन दरों से कटौती करने संबंधी प्रक्रिया को उसी तारीख से समाप्त कर दिया गया था। बाद में लघु और मध्यम समाचारपत्रों (50,000 प्रतियों तक के परिचालन वाले समाचारपत्र) के मामले में, संशोधित विज्ञापन दर स्वरूप में लघु एवं मध्यम समाचारपत्रों को स्वीकार्य तोलन-व्यय में भी 1.7.95 से 15% की वृद्धि की गई और उनकी दरों में उसी तारीख से संशोधन किया गया।

बहु-संस्करणों से कटौती करने संबंधी प्रक्रिया को समाप्त करने से लगभग 2 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वार्षिक व्यय होने की संभावना है।

Delay in declaring result of Air Hostess examination

2039. DR. RANBIR SINGH:
SHRI RAM NATH KOVIND:

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that despite the passage of more than 10 months the final result of Air Hostess and Flight Purser examination have not yet been announced by Airlines; if so, the reasons therefor; and

(b) by when the final results are likely to be announced?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) and (b) No recruitment action has been taken in Indian Airlines since July, 1992 due to a ban on recruitment from outside. Air India issued an advertisement in May, 1994 for recruitment of Air Hostesses/Assistant Flight Pursers. Written examination was conducted in August, 1994 and personal interviews were held in October, 1994. Proceedings have been stayed pending changes in the qualification for selection.

उत्तर प्रदेश सरकार को दी जाने वाली धनराशि

2040. **मौलाना हबीबुर्रहमान नोमानी**: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के बुनकरों को दिए गए 46 करोड़ 15 लाख रुपये के ऋणों को माफ करने की कार्यवाही के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा 24 करोड़ 15 लाख रुपये उत्तर प्रदेश सरकार को दिए जाने थे; यदि हां, तो क्या उत्तर प्रदेश सरकार को उक्त धनराशि दे दी गई है अथवा नहीं;

(ख) यदि हां, तो यह धनराशि कब और किस तारीख को भेजी गई थी; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेजगारी को वापस न लिया जाना

2041. **श्री अनन्तराम जायसवाल**: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रिजर्व बैंक को रेजगारी वापस न लेने के संबंध में अधिकृत तौर पर कोई निदेश जारी किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे निदेश किस आधार पर जारी किये गये हैं;